ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ :50 | **CCE RF** | ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ :

Total No. of Questions: 50 | Total No. of Printed Pages:

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ:06-H | CODE NO. : 06-H

ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ - ಹಿಂದಿ

Subject: FIRST Language – HINDI

(ಹೊಸ ಪಠ್ಯ ಕ್ರಮ / New syllabus)

ದಿನಾಂಕ : Date:

ಸಮಯ : Time:

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : Max.Marks:100

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएं :

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ट प्रकार के कुल 50 प्रश्न है |
2. यह प्रश्न पत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है | परीक्षा प्रारम्भ होने के समय आप प्रश्न पत्र के दाएं भाग को काटकर खोले तथा जांच करें कि सभी पृष्ट अक्षुण्ण हैं |
3. सभी वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ट प्रकार के प्रश्नोंके लिए निर्देश का पालन करें |
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिए में दिए गए हैं |
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढने का 15 मिनट भी शामिल है |

विभाग “A”

गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन-(67 अंक)

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए: 11x1=11

1. कौन रुपए की वशवर्तिनी है?
2. महात्मा गांधीजी ने ‘सत्याग्रह’ आश्रम की नींव कहाँ रखी?
3. चतुर वैध्य विष का उपयोग कैसे करता है?
4. स्त्री,बच्चे को कहां ले जा रही है?
5. मन्नूजी को सुखद आश्चर्य देनेवाला विषय कौन सा था?
6. पिछड़ा आदमी सबके चलने पर कहाँ रह जाता था?
7. मीठे वचन से क्या हो सकता है?
8. भ्रष्टाचार के निर्मूलन के लिए क्या बनाया गया ?
9. नेपोलियन किससे टकरा गया?
10. जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन सा है?
11. हेलन केलर के अनुसार मनुष्य किसकी कदर कभी नही करता?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -तीन वाक्यों में लिखिए; 9x2=18

12. काठियावाड़ तथा भारत की जनता गाँधीजी की और क्यों आकृष्ट हुई?
13. पैरों में कील के चुभने पर रवीन्द्रनाथ चुप क्यों थे?
14. आजकल लोकगीतों का संग्रह क्यों हो रहा है?
15. महायुद्दों का सामना करने पर भी रूस की प्रगती कैसी है?
16. कोलकत्ता के आश्रम में कुत्ते ने कैसा बर्ताव किया?
17. मानव किन-किन का शिकार बना है?
18. अनदेखे अरूप ने प्यार को कैसे लौटाने की बात कही ?
19. स्काउट के जन्मदाता कौन थे? भारत में स्काउट दल की स्थापना किसने की?
20. रैदास का नाम रविदास से रैदास क्यों हो गया?

III. निम्नलिखित वाक्यों के संदर्भ सहित व्याक्य किजिए: 4x3=12

21.“कौरव द्रौपदी के कोप से नहीं मेरे कोप से नष्ट हुए थे?

i. पाठ का नाम

ii. किसने किससे कहा?

iii. व्याख्या

22.“मर अभागे, तू मुझे और क्या क्या दिखाए गा “?

i.लेखक का नाम

ii. किसने किससे कहा?

iii.व्याक्या

23.”उसे देखा नहीं” जा सकता,अनुभव किया जा सकता है”

i पाठ का नाम

ii. लेखक का नाम

iii. व्याख्या

24.“परबत वो सबसे ऊँचा, हमसाया आसमाँ का”|

i. कवी का नाम

ii. कविता का नाम

iii. व्याख्या

IV. निम्नलिखित लेखक/कवि का परिचय दीजिए: 2x3=6

25. मन्नू भंडारी

i. जन्म स्थान

ii.जन्म काल

iii. रचनाएँ

iv. अन्य जानकारी

26. रहीम

i. पूरा नाम

ii.जन्म काल

iii. रचनाएँ

iv. अन्य जानकारी

V. निम्नलिखित पद्य भाग को पूर्ती किजिए : 4x1=4

27. पैदा कर जिस -------------------------------------

-------------------------------------- को गले लगाना |

अथवा

साधू ---

-- देई उड़ाय

VI. निम्नलिखित पद्यांश का सारांश लिखिए = 4x1=4

28. अज्ञानियों से स्नेह करना
मानो पत्थर से चिंगारी निकालना है
ज्ञानियों का संग करना,
मानो दही मथकर माखन पाना है
हे चन्नामल्लिकार्जुन प्रभु,
तुम्हारे भक्तों का संग करना
मानो कर्पूरगिरी की ज्योति को पाना है |

अथवा

मुरझाये फूल में सुगंधी कौन ढूँढगा?
बच्चे में कौन खोट देखेगा?
हे देव! विशवास को ठेस लगने पर
फिर से सद्गुण कौन परखेगा?
हे प्रभु,जले पर कौन नमक छिडकेगा
सुनो, हे चंन्म्ल्लिकार्जुन
नदी पार करने के बाद मल्लाह को कौन पूछेगा?

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए: 3x4=12

29. जहाँगीरी अंडे के बारे में अंग्रेज ने क्या बताया?

अथवा

लाला झऊलाल ने पं.बिलवासी को अपनी कौन सी विपदा सुनाई?

30. कर्नाटक विद्यावर्धक संघ की प्रगति में वेंकटराव के योगदान के बारे में लिखिए?

अथवा

नूतन विद्यालय कैसे अस्तित्व में आया?

31. पुरुषोत्तम के चरित्र पर प्रकाश डालिए?

अथवा

दिल्ली की एक गली में दिलावर खां और रहमानबेग पुरुषोत्तम के बारे में क्या बातचीत कर रहे थे?

विभाग "ब"

व्याकरण, अलंकार,छन्द (20अंक)

VIII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं| सही विकल्प चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से उत्तर लिखिए : 10x1=10

32. 'अपना' शब्द का विलोम शब्द है |

A. दूसरा B. अन्य

C. पराया D.गैरों का

33. 'यज्ञओपवीत' शब्द किस संधि का उदाहरण है |

A. दीर्घ संधि B. गुण संधि

C. वृद्दि संधि D. अयादी संधि

34. 'पढ़ना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है

A. पढ़ B.पढ़ता

C. पढ़ा D. पढाना

35. 'लेखक' शब्द का अन्य लिंग रूप है

A.लेखिका B. लेखकी

C. लेखकाइन D. लेखिका

36. '<u>अ</u>गोचर' शब्द में रेखांकित अक्षर क्या कहलाता है

A.उपसर्ग B. प्रत्यय

C.कारक D.विलोम

37. 'पति-पत्नी' शब्द में यह समास है |

A. तत्पुरुष समास B.अव्ययीभाव समास

C. द्वन्द्व समास D. द्विगु समास

38. 'टोकरी' शब्द का अन्य वचन रूप है|

A. टोकरियाँ B. टोकरीयाँ

C. टोकरें D. कई टोकरी

39. 'मै ने पत्र लिखा'| इस वाक्य का वाच्य परिवर्तित रूप है|

A. मुझसे पत्र लिखा गया　　B. मै से पत्र लिखा

C. मै पत्र लिखूंगा　　C. मै पत्र लिखा करता था

40. 'हम सब भारत <u>के</u> नागरीक है'| रेखांकित कारक का नाम क्या है|

A. संप्रदान　　B. अपादान

C. अधिकरण　　D. सम्बन्ध

41. 'कुत्ता धीरे-धीरे ऊपर आया| इस वाक्य का भविष्यत कल का रूप है|

A. कुत्ता धीरे-धीरे ऊपर आता है|

B. कुत्ता धीरे-धीरे ऊपर आएगा|

C. कुत्ता धीरे-धीरे ऊपर आ गया|

D. कुत्ता धीरे-धीरे ऊपर आ रहा है|

IX. प्रथम दो पदों से सूचित सम्बंदों के अनुरुप तीसरे पद से सम्बन्धित पद लिखिए 4x1=4

42. सदा : हमेशा :: कुटुम्ब :

43. बुरा : बुराई :: उत्सुक :

44. दिल्ली : संज्ञ| :: हम :

45. जो विदेश में रहता है : विदेशी :: जो अभिनय करता है :

x. अलंकार पहचानकर समझाइए: 3

46. कोढ़ी है यह नर-नारायण |

XI. छन्द पहचानकर समझाइए | 3

47. क्षण में होय कमाल, गुस्सा ऐसा कीजिए |
होय टमाटर लाल, जामुन सा मुखड़ा तुरत

विभाग 'c' रचना (13 अंक)

XII. इन मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग किजिए : 2x1 ½ =3

48. a. नौ दो ग्यारह होना |

b. निर्वासित होना |

XIII. पत्र लेखन : 5

49. पाठशाला में आयोजित शैक्षिक यात्रा में जाने की अनुमती और 2000 रूपये की माँग करते हुए एक छुट्टी पत्र लिखिए|

अथवा

अपनी अस्वस्थता का कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम तीन दिनों के गैर हाजरी के लिए एक छुट्टी पत्र लिखिए |

XIV. निबन्ध लेखन:

50. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 5

i. राष्ट्रीय त्यौहार ii. इंटरनेट से लाभ व हानी

iii. देश की प्रगती में नारी का पात्र